SWAYAM प्लस प्लेटफॉर्म

स्रोत: पी आई. बी.

हाल ही में केंद्रीय शिक्षा, कौशल और उद्यमिता विकास मंत्री द्वारा नई दिल्ली में **SWAYAM प्लस प्लेटफॉर्म** का उद्घाटन किया गया।

- बड़ी संख्या में शिक्षार्थियों के लिये शैक्षिक अवसर प्रदान करने वाला **व्यापक ओपन ऑनलाइन कोर्स** प्लेटफॉर्म **SWAYAM** वर्ष 2017 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
- **NEP-2020** के अनुरूप, **SWAYAM प्लस** अब रोज़गार क्षमता को बढ़ावा देने के लिये उद्योग-प्रासंगिक पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जिसमें बहुभाषी विषय वस्तु, **AI मार्गदर्शन**, क्रेडिट रिकग्निशन और **रोज़गार** के मार्ग जैसी सुविधाएँ शामिल हैं, जो L&T, माइक्रोसॉफ्ट, CISCO जैसी और भी अन्य कंपनियों के सहयोग से विकसित की गई हैं।
    - SWAYAM प्लस मुख्य रूप से निम्नलिखित उद्देश्य प्राप्त करने पर केंद्रित है:
        - एक ऐसे **पारिस्थितिकी तंत्र** का निर्माण जो शिक्षार्थियों, पाठ्यक्रम प्रदाताओं, उद्योग, शिक्षा जगत और रणनीतिक भागीदारों के लिये पेशेवर व करियर विकास का समर्थन करता है।
        - एक ऐसी प्रणाली लागू करना जो शीर्ष उद्योग और शैक्षणिक भागीदारों से **उच्च गुणवत्ता वाले प्रमाण-पत्रों** एवं टेक्स्ट को स्वीकार करती हो।
        - **स्थानीय भाषा** संसाधनों के साथ विभिन्न विषयों में रोज़गार-केंद्रित पाठ्यक्रम प्रदान करके, देश भर में, विशेष रूप **सेटियर 2 और 3 कस्बों** तथा ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक शिक्षार्थी आधार तक पहुँचना।

और पढ़ें: SWAYAM और SWAYAM प्रभा

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/swayam-plus-platform